सिवनी
शब्दबाणों का प्रहार
मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार
# राष्ट्रबाण
संपादक : संजय बघेल




बुधवार 25 मार्च 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 325 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### नेता आसिया अंद्राबी को यूएपीए केस में उम्रकैद की सजा

**नईदिल्ली।** दिल्ली के एक कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उन्हें आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों से जुड़े मामले में दोषी पाया। यह मामला यूएपीए के तहत दर्ज किया गया था और लंबे समय से इसकी सुनवाई चल रही थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आसिया अंद्राबी पर अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने और आतंकी संगठनों से संबंध रखने के आरोप थे।

### जमीन के बदले नौकरी देने का मामला, लालू यादव की अर्जी खारिज

**नईदिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जमीन के बदले-नौकरी मामले में आरजेडी चीफ और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की सीबीआई की एफआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस रविंदर दुडेजा की बेंच ने यह आदेश पारित किया। याचिका में 2022 में दर्ज सीबीआई और 2022, 2023 और 2024 में दायर तीन आरोपपत्रों के साथ-साथ संज्ञान लेने वाले आदेशों को चुनौती दी गई थी। यादव ने तर्क दिया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत पूर्व स्वीकृति के अभाव में पूरी कार्यवाही कानूनी रूप से अमान्य थी।

### पश्चिम एशिया के हालात पर रक्षा मंत्रालय में बैठक

**नईदिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल की ग्लोबल/रीजनल सुरक्षा घटनाओं और भारत की रक्षा तैयारियों का रिव्यू करने के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में CDS जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, DRDO के चेयरमैन डॉ. समीर कामत और अन्य लोग मौजूद रहे।

### विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**नईदिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के पास मेल आया है। इसके बाद सदन की कार्रवाई रोक दी गई। परिसर की तलाशी जारी है।

राष्ट्रबाण
अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए
सिर्फ 100 रुपए महीना
संपर्क : 7000427433

# 2029 चुनाव से पहले लागू होगा 33% महिला आरक्षण

### लोकसभा सीटें बढ़कर 816 होंगी, महिला सांसदों की संख्या 273 तक पहुंचेगी

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**केंद्र** सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए संसद के मौजूदा सत्र में दो बिल लाए जा सकते हैं।

इसके जरिए महिला आरक्षण लागू करने की मौजूदा शर्त में बदलाव किया जाएगा। इससे लोकसभा में सदस्यों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है। इनमें महिला सांसदों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 273 हो जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर सहमति बनाने के लिए सोमवार को एनडीए और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। सहमति बनने पर बिल इसी हफ्ते पेश किए जा सकते हैं।

दरअसल, 2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए। इससे प्रोसेस तय समय पर पूरी हो सकेगी और आरक्षण लागू किया जा सकेगा।

**कांग्रेस से चर्चा बाकी:** गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों इसके लिए कई नेताओं से बैठकें की हैं। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी), आरजेडी और एआईएमआईएम के नेता शामिल रहे। बीजेडी और शिवसेना (यूबीटी) से भी बातचीत हुई है, जबकि कांग्रेस से चर्चा बाकी है।

#### इस सत्र में 2 बिल लाए जाएंगे, एससी और एसटी कोटा होगा



**दो बिल**

एक बिल के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन होगा, जबकि दूसरा परिसीमन कानून में बदलाव से जुड़ा होगा। इसे पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है।

**आरक्षण**

प्रस्ताव के मुताबिक 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। आरक्षण का ढांचा ऐसा होगा, जिसमें एससी और एसटी वर्ग की महिलाओं को उनके कोटे के भीतर हिस्सा मिलेगा। ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान फिलहाल शामिल नहीं है। इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे।

#### महिला आरक्षण बिल कानून नहीं बना


महिला आरक्षण कानून 2023 में संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसकी मंजूरी दे चुकी हैं। लोकसभा में यह बिल लगभग सर्वसम्मति से और राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास हुआ था। हालांकि, यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। इसकी लागू होने की तारीख केंद्र सरकार अधिसूचना के जरिए तय करेगी और जरूरत पड़ने पर संसद इसमें संशोधन कर सकती है।

#### यूपी में सबसे ज्यादा 40 सीटें बढ़ेंगी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।

# केवल हिंदू-बौद्ध और सिख ही कर सकते हैं अनुसूचित जाति का दावा

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला- धर्म बदला तो अनुसूचित जाति का दर्जा भी खत्म हो जाता है



राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी संरक्षण का दावा नहीं कर सकता है।

यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ लगाई गई चिंथदा की याचिका पर सुनाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद पादरी बने चिंथदा आनंद ने याचिका लगाई थी कि उन्हें अक्काला रामिरेड्डी समेत कुछ लोगों से जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा।

**सुप्रीम कोर्ट पहले भी कह चुका- आरक्षण का लाभ लेने धर्म बदलना, संविधान से धोखा**

1985 के सूसाई बनाम भारत सरकार से जुड़े एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाने के बाद दोबारा हिंदू धर्म में लौटता है, तो उसे एससी दर्जा प्राप्त करने के लिए विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी। केवल लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने को सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के साथ धोखा करार दिया।

#### आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने क्या कहा था...

जब पीड़ित ने खुद कहा कि वह पिछले 10 साल से ईसाई धर्म का पालन कर रहा है, तो पुलिस को आरोपियों पर एससी/एसटी अधिनियम नहीं लगाना चाहिए था।

एससी/एसटी अधिनियम का उद्देश्य उन समूहों (अनुसूचित जातियों) से जुड़े लोगों की रक्षा करना है, न कि उन लोगों की जो दूसरे धर्मों में परिवर्तित हो गए हैं। केवल इस आधार पर एससी/एसटी अधिनियम लागू करना कि उसका जाति प्रमाण पत्र रद्द नहीं किया गया है, वैध आधार नहीं हो सकता।

**धोखा**

## महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार

### इससे इनकार करना भेदभाव था; जिनकी सर्विस खत्म हुई, उन्हें भी पेंशन मिलेगी



**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कहा- सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद सिस्टमिक भेदभाद के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया। महिलाओं को परमानेंट कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था।

पूरा मामला एसएससी के तहत नियुक्त महिला अफसरों की याचिकाओं से जुड़ा था, जिन्होंने पीसी देने की मांग की थी। स्स्ष्ट के तहत नियुक्त अफसर का कार्यकाल 10 साल का होता है, जिसे 4 साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद योग्यता के आधार पर परमानेंट कमीशन दिया जाता है।

परमानेंट कमीशन नहीं मिलने पर उन्हें सेवा छोड़नी होती है। इसके खिलाफ महिला अफसरों ने पहले आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल का रुख किया था और पीसी से वंचित किए जाने को चुनौती दी थी। बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने कई याचिकाओं को एक साथ सुना।


## एलपीजी लेकर दो जहाज 26 और 27 को भारत पहुंचेंगे

**नईदिल्ली।** केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों ने मंगलवार को दिल्ली में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। शिपिंग मंत्रालय के स्पेशल सेक्रेटरी राजेश सिन्हा ने कहा कि दो भारतीय एलपीजी जहाज- पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। राजेश सिन्हा ने बताया कि पाइन गैस करीब 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 27 मार्च को न्यू मैंगलोर पोर्ट पहुंचेगा, जबकि जग वसंत लगभग 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 26 मार्च को कांडला पहुंचने वाला है।

## रिपोर्ट- ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा अमेरिका से बातचीत को तैयार

### शर्तों के साथ युद्ध खत्म करने पर सहमत; ट्रम्प बोले- पांच दिन में डील संभव

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**ईरानी** सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। खामेनेई ने युद्ध को ईरान की शर्तों के अनुसार जल्द खत्म करने पर सहमति जताई है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त रूप से बताया कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने वार्ता के लिए अनुमति दी है।

दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को फॉक्स न्यूज को बताया कि ईरान डील करना चाहता है और पांच दिन या उससे कम समय में समझौता हो सकता है। हालांकि, ईरान ने किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया है। ट्रम्प ने बताया कि यह फैसला ईरान के एक टॉप अधिकारी के साथ हो रही बातचीत के बाद लिया गया। हालांकि इस बातचीत में देश के सुप्रीम लीडर सीधे शामिल नहीं हैं।

## ईरान जंग जारी रही तो गंभीर नतीजे होंगे

### मोदी बोले- :आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा, टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है।



एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

#### राज्य सरकारों से अपील

ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष वव्यस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है।

#### किसानों को मैसेज

सरकार कोशिश कर रही है कि आने वाले बुआई के सीजन में किसानों को खाद मिलती रहे। सरकार ने खाद की पर्याप्त सप्लाई के लिए जरूरी तैयारियां की है। किसानों को फिर आश्वस्त करूंगा कि सरकार हर चुनौती के समाधान के लिए उनके साथ खड़ी है। ये राज्यों का सदन है। आने वाले समय में संकट हमारे देश की बड़ी परीक्षा लेने वाला है।

## देश में पहली बार इच्छामृत्यु, हरीश राणा की मौत : 13 साल से कोमा में थे

राष्ट्रबाण | गाजियाबाद | एजेंसी | rashtrabaan.in

**हरीश** राणा ने मंगलवार को दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। 31 साल के हरीश 13 साल से कोमा में थे। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। ये देश का पहला मामला है, जिसमें किसी को इच्छामृत्यु दी गई है। एम्स में हरीश को पैसिव यूथेनेशिया दिया गया। इसका मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है,



उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

**हरीश को 14 मार्च को दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया गया**

14 मार्च को हरीश को दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया गया था।

एम्स प्रशासन ने 16 मार्च को हरीश राणा की फीडिंग ट्यूब (खाने की नली) हटा दी थी।

**11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था**

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु मामले में फैसला सुनाया था। फैसले के बाद मां निर्मला देवी ने कहा था, 'बेटे के इलाज के लिए हर संभव प्रयास किए। बड़े-बड़े अस्पतालों में दिखाया और कई डॉक्टरों से इलाज भी कराया।

### 4 घंटे का नियम खत्म; ट्रेन छूटने के 30 मिनट पहले बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे

## रेलवे टिकट 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिल करने के नियम अब सख्त कर दिए हैं। अब अगर कोई यात्री ट्रेन छूटने से 8 घंटे तक टिकट रद्द करता है, तो ही उसे पैसा वापस मिलेगा। पहले यह समय 4 घंटे था और तब 50% रिफंड मिलता था। 24 से 8 घंटे के बीच कैंसिल करने पर अभी भी 50% पैसा ही वापस मिलेगा।

इसके अलावा, अब यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन भी बदल सकते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि यह बदलाव इसलिए किया गया है, ताकि एजेंट और दलाल टिकटों की जमाखोरी न कर सकें। नए नियम 1 से 15 अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग फेज में लागू होंगे।




**रेल मंत्री बोले- टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए फैसला**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दलालों के पैटर्न को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। दलाल अक्सर एक्स्ट्रा टिकट बुक कर लेते थे और ग्राहक न मिलने पर ट्रेन छूटने से ठीक पहले कैंसिल कर रिफंड ले लेते थे।

रिफंड के नियमों को सख्त करने से दलालों द्वारा टिकटों की 'कॉर्नरिंग' (टिकट दबाकर रखना) कम होगी और आम यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी।

#### अब चार्ट बनने के बाद भी बदल सकेंगे स्टेशन

रेल मंत्रालय ने बोर्डिंग स्टेशन बदलने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब यात्री ट्रेन के शेड्यूल डिपार्चर टाइम से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग पॉइंट बदल सकेंगे। अभी तक यह सुविधा सिर्फ चार्ट तैयार होने से पहले तक ही मिलती थी। यह नियम उन बड़े शहरों में बहुत मददगार साबित होगा जहां एक से ज्यादा रेलवे स्टेशन हैं, यात्री अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी नजदीकी स्टेशन से ट्रेन पकड़ सकेंगे।

यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट, एप या रेलवे काउंटर के जरिए अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकते हैं। हालांकि एक बार बोर्डिंग पॉइंट बदलने के बाद आप पुराने स्टेशन से ट्रेन नहीं पकड़ पाएंगे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 25 मार्च 2026

# शहडोल राष्ट्रबाण

● ब्यौहारी ● जयसिंघनगर ● सोहागपुर ● गोहपारु ● बुढार ● जैतपुर

## ग्राम पंचायत जमुनिहा में गुणवत्ता विहीन स्टॉप डैम निर्माण, कमीशनखोरी के आरोप तेज

जयसिंनगर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिहा में स्टॉप डैम निर्माण कार्य को लेकर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लगभग 16 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस स्टॉप डैम में गुणवत्ता की अनदेखी कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### क्या है मामला

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जमुनिहा के मढ़ा स्थित कोस्टा धार में वर्ष 2025 में सांसद मद से स्टॉप डैम निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। आरोप है कि पंचायत सचिव द्वारा इस कार्य को नियमों को दरकिनार करते हुए एक निजी ठेकेदार को सौंप दिया गया। इतना ही नहीं निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही लगभग 2 लाख रुपए की राशि आहरित कर ली गई, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।





### गलत स्थान पर निर्माण का आरोप

ग्रामीणों बताया कि जिस स्थान पर स्टॉप डैम बनाया जा रहा है वह तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। बताया गया है कि पहले भी दो बार निर्माण स्थल बदला जा चुका है फिर भी अंतिम चयन ऐसा किया गया है जिससे न किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा और न ही पशुओं के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा।

### ग्रामीणों का विरोध, कार्रवाई शून्य

स्टॉप डैम निर्माण के विरोध में ग्रामवासियों ने जिला पंचायत में ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई थी। बावजूद इसके अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### कमीशनखोरी के गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने पंचायत सचिव, उपयंत्री और सहायक यंत्री पर मिलीभगत कर कमीशनखोरी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिकायतों को नजरअंदाज कर निर्माण कार्य जारी रखा जा रहा है। साथ ही पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक अवधेश पर भी आर्थिक अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों की माने तो उनकी जीवनशैली और संपत्ति में अचानक आई वृद्धि संदेह उत्पन्न करती है।

### इनका कहना है

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है, वे स्वयं स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करेंगी।
श्रीमती शिवानी जैन
सीईओ, जनपद पंचायत
जयसिंहनगर

## परंपरागत एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

किसानों की आय बढ़ाने, मिट्टी की उर्वरता को संरक्षित करने एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा होटल सिटी स्टार में किया गया। इस कार्यशाला में किसानों को परंपरागत, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं लाभकारी कृषि की ओर प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि अनुराग पटेल ने परंपरागत खेती की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए किसानों को रासायनिक खेती से हटकर परंपरागत एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता बनाए रखती है, बल्कि उत्पादन लागत को भी कम करती है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होती है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग, जैविक खाद एवं स्थानीय तकनीकों के प्रयोग पर विशेष जोर देते हुए बताया कि आने वाले समय में यही खेती का टिकाऊ मॉडल सिद्ध होगा।



कार्यशाला में जिला पंचायत के कृषि स्थाई समिति के सभापति हीरालाल कोल ने कहा कि आज के समय में रासायनिक खेती के कारण मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है, लागत बढ़ती जा रही है और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में प्राकृतिक खेती न केवल एक विकल्प है, बल्कि समय की आवश्यकता बन गई है। प्राकृतिक खेती अपनाने से किसानों की लागत कम होती है और उत्पाद शुद्ध एवं पौष्टिक होते हैं, जिससे बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त होता है। इसके साथ ही जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलता है। शासन द्वारा भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। हमें चाहिए कि हम इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी खेती को आत्मनिर्भर एवं लाभकारी बनाएं। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बी के प्रजापति ने आधुनिक तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी नवाचारों के उपयोग से खेती को सरल, सुलभ एवं अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों, नई पद्धतियों एवं वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. प्रजापति ने बताया कि यदि किसान परंपरागत ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ें, तो खेती को एक सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करें और कृषि को लाभ का साधन बनाएं। कार्यशाला के दौरान किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं एवं तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने इसे उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक डॉ अल्पना शर्मा ने भी जैविक खेती अपनाने की बात कही।

## बच्चों को वितरित किया गया विद्यारंभ प्रमाण पत्र

### आयोजित हुए कार्यक्रम



शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

संभागीय मुख्यालय के वार्ड नंबर 13 के आंगनवाड़ी केंद्र में विद्यारंभ ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड में चिन्हित 20 से अधिक बच्चों को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिल पंचायत मुद्रिका सिंह एवं डीपीसी अमरनाथ सिंह द्वारा विद्यारंभ प्रमाण पत्र का वितरण किया गया तथा तिलक लगाकर विद्यालय में प्रवेश की शुभकामनाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम में दो बच्चों का जन्म दिवस भी मनाया गया तथा उन्हें उपहार भेंट किए गए। विद्यारंभ कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग अखिलेष मिश्रा ने बताया कि विद्यारंभ प्रमाण पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं बल्कि की बच्चो की षिक्षा यात्रा का पहला महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसका उददेष्य ऑगनवाड़ी की अनौपचारिक षिक्षा से प्राथमिक विद्यालय की अनौपचारिक षिक्षा में बच्चो का सहज और आनंदपूर्वक प्रवेष सुनिष्चित करना है। उन्होंने बताया कि संचालनालय, महिला एवं बाल विकास म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार आंगनवाडी केन्द्रों में पंजीकृत 5-6 वर्ष के 17445 बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाडी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढीकरण के उद्देश्य् से जिले में एक साथ बाल चौपाल के अवसर पर ग्रेजुएशन सेरेमनी के आयोजन करते हुए विद्यारंभ प्रमाण-पत्र प्रदाय किया गया। उन्होंने बताया कि परियोजना ब्यौहारी के 3712, बुढार के 3977, जयसिंहनगर के 3585, गोहपारू 1760, शहरी शहडोल के 1160, सोहागपुर के 3251 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्री आनंद अग्रवाल, ऑगनाड़ी कार्यकर्ता सहित महिला बाल विकास विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बच्चे उपस्थित रहें।

## जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का अधिकारी करें त्वरित निराकरण : कमिश्नर

### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम मौहर टोला निवासी अषोक कुमार गुप्ता ने शासकीय उचित मूल्य दुकान से राषन दिलवाने, ग्राम निपनिया निवासी रामकृपाल ने खसरा में नाम दर्ज कराने, रेल्वे कालोनी शहडोल निवासी छविनाथ सिंह ने नक्षा तरमीम करवाने, ग्राम खैरहा निवासी




रामकुमार कोरी ने शासकीय नाले से लगी भूमि से कब्जा हटवाकर कृषि कार्य हेतु मार्ग दिलवाने, उमरिया जिले के धमोखर निवासी प्रदीप यादव ने अनुकंपा नियुक्त दिलाने, ग्राम सिंहपमर निवासी आनंद सिंह राठौर ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, अनूपपुर जिले के ग्राम सरईकापा निवासी रामबाई कनौजिया ने ग्राम में सीसी रोड़ निर्माण हेतु आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने विभिन्न विभागो में लंबित जन सुनवाई के प्रकरणो के निराकरण की समीक्षा की तथा संबंधित विभागो के संभागीय अधिकारियो को आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जनसुनवाई के प्रकरणो का त्वरित निराकरण करने के निर्देष दिए।

### अग्निवीर सैनिक भर्ती के लिए पंजीयन एक अप्रैल तक

**शहडोल।** भारतीय सेना में अग्निवीर सैनिक के रूप में भर्ती के लिए पात्र युवा एक अप्रैल तक अपना पंजीयन ऑनलाइन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल अरूण शुक्ला ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए नोटिफिकेशन सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी में जारी कर दिया गया है। सेना में जाने के इच्छुक पात्र युवा इस वेबसाइट में अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन कराने के बाद अग्निवीर सैनिक भर्ती रैली में शामिल होकर अग्निवीर सैनिक बनने का अवसर मिलेगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर के फोन नम्बर 7247028996 पर संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई साप्ताहिक जनसुनवाई

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कृष्णा कालोनी शहडोल निवासी कमली बैगा ने बैगा विकास की राषि प्रदान करने, सिंहपुर निवासी कुसुम कोल ने पेंषन एवं ई-रिक्षा प्रदान करने, पाण्डवनगर शहडोल निवासी रवि सिंह धुर्वे ने परिवीक्षा अवधि समाप्त करवाने, ग्राम पठरा निवासी अंकित सिंह ने पीएम किसान सम्मान निधि




योजना की राषि दिलाने,ग्राम हर्रा टोला निवासी फूलमतिया बैगा ने आर्थिक सहायता राषि दिलाने, ग्राम निपनिया निवासी रामकृपाल ने खसरा में नाम दर्ज कराने, ग्राम जमोडी निवासी रामसेवक प्रजापति ने वन भूमि का पट्टा दिलाएं जाने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में दिए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त अन्य आवेदनों को भी कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह नें समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न चरणों में ग्राम स्तर एवं जनपद स्तर पर लगाए गए शिविरों के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों तथा उनके निराकरण के संबंध में की गई कार्यवाही की निकायवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा चिन्हित सेवाओं के तहत जन सामान्य से आवेदन प्राप्त कर निराकरण सुनिश्चित करें। वर्तमान में जनपद स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से आमजन को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितलाभों का वितरण भी किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरो के माध्यम से आजमन की समस्याओं तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। संकल्प से समाधान अभियान में ऑनलाईन आवेदन भी प्राप्त किए जाएं। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत अभी तक जिले में 69789 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68964 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया हैं, निराकरण का प्रतिशत 98.83 है। जनपद पंचायत ब्यौहारी में 10760 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 10760 आवेदनों का निराकरण किया गया।, जनपद पंचायत सोहागपुर में 9406 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 9405 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। जनपद पंचायत गोहपारू में 10401 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 9767 आवेदनों का निराकरण किया गया है। जनपद पंचायत बुढ़ार में 19135 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 19076 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार नगरीय निकायों में नगरपालिका शहडोल में 2037 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से सभी 2037 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। नगरपालिका धनपुरी में 1653 आवेदन प्राप्त हुए, नगरपरिषद ब्यौहारी में 928 आवेदन प्राप्त हुए, नगरपरिषद बकहो में 1163 आवेदन प्राप्त हुए इन निकायों द्वारा शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। नगरपरिषद खांड में 180 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 180 आवेदनों का निराकरण किया गया। नगरपरिषद बुढ़ार में 296 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 296 आवेदनों का निराकरण किया गया। नगरपरिषद जयसिंहनगर में 97 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से सभी 97 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है।

### सामाजिक जागरूकता से ही संभव होगा टीबी उन्मूलन : जिला क्षय अधिकारी

## जन-जन का रखे ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आई.पी.पी.-6 सभागार में जागरूकता सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ÷टीबी मुक्त भारत अभियान÷ को सफल बनाना रहा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला क्षय अधिकारी डॉ. वाई. पासवान ने कहा कि देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक



है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वयं टीबी के प्रति जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी संभव है, जब लोग इसके लक्षणों को पहचानकर समय पर जांच और उपचार कराएं। डॉ. पासवान ने टीबी के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार, गर्दन में गांठ, रात में पसीना आना, थकान, खून की खांसी, सीने में दर्द, भूख न लगना, वजन कम होना और सांस फूलना जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय स्थित जिला क्षय केंद्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी की निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही शासन द्वारा मरीजों को पोषण आहार के लिए फूड बास्केट और ÷निक्षय पोषण योजना÷ के अंतर्गत 6 माह तक प्रति माह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।कार्यक्रम में डीएचओ डॉ. आर.के. शुक्ला, डीपीएम श्री मनोज द्विवेदी, डॉ. गंगेश टांडिया, डॉ. मुकुंद चतुर्वेदी, डॉ. आकाश रंजन सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ एवं महिला प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्री विक्रम कल्याणी द्वारा

## पानी की हर बूंद बचाएं जन–जन को जागरूक बनाएं

### जल गंगा संवर्धन अभियान से झीरिया षिव मंदिर परिसर की बदली तस्वीर

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जनसहभागिता के साथ विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 30 जून तक चलने वाले इस अभियान को जनांदोलन का रूप देने हेतु जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत कुएं, बावड़ियों, तालाबों सहित अन्य जल स्त्रोतों की



साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षा के जल को संरक्षित किया जा सकें। इसी क्रम में गंगा जल संवर्धन अभियान के सहभागी बने स्थानीय जनप्रतिनिधियो, प्रशासनिक अधिकारियो, नगरपालिका के कर्मचारियो, गणमान्य नागरिक एवं जन सहयोग से धनपुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 4 के बिलियस झिरिया में रंगरोगन कर सौंदर्यीकरण कार्य किया गया। साथ ही जलकुंभी, गाद एवं प्लास्टिक कचरे को हटाकर जल स्त्रोत को स्वच्छ बनाया गया। इस कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा तथा वर्षा के दौरान जल भराव की समस्या से भी राहत मिलेगी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 25 मार्च 2026

राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुजूर • कोलार

# जीएमसी में 25 करोड़ की हाईटेक यूनिट जल्द शुरू होगी, 1500 मरीजों की समस्या सुलझेगी

## डिप्टी सीएम बोले–डुअल लीनेक मशीन का ऑर्डर जल्द होगा

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में कैंसर मरीजों को लंबे समय से रेडिएशन सुविधा नहीं मिलने की समस्या अब समाधान की ओर बढ़ती दिख रही है। जहां अब तक जीएमसी के 15 सौ के करीब कैंसर रोगियों को सिर्फ ओपीडी सलाह लेकर एम्स या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। इस स्थिति पर अब डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने स्पष्ट किया है कि जीएमसी के लिए भी डुअल लीनेक मशीन जल्द ऑर्डर की जाएगी। एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के चार मेडिकल कॉलेजों के लिए डुअल लीनेक मशीनों के ऑर्डर हो चुके हैं और जीएमसी के लिए भी जल्द ऑर्डर जारी किए जाएंगे।

### अटके प्रोजेक्ट के बजट से होगा समाधान

जीएमसी से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, लीनेक मशीन खरीदने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग उस बजट का उपयोग करने की तैयारी में है, जो ÷रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ रेस्पिरेट्री डिजीज÷ प्रोजेक्ट के लिए मिला था। यह प्रोजेक्ट पिछले तीन साल से एनओसी न मिलने के कारण अटका हुआ है। ईदगाह हिल्स पर बनने वाले दो बड़े हेल्थ प्रोजेक्ट्स का भूमिपूजन 28 मई 2022 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा किया गया था। करीब 150 करोड़ रुपए की लागत वाले इन प्रोजेक्ट्स पर आज तक काम शुरू नहीं हो सका। कारण यह रहा कि निर्माण से पहले एयरपोर्ट अथॉरिटी और आर्मी से आवश्यक एनओसी नहीं ली गई थी। आपत्तियों के बाद ठेकेदार बिना काम शुरू किए ही लौट गए और प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया।






### राजधानी के मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में यह स्थिति

राजधानी के मेडिकल कॉलेज में हर महीने 1500 से ज्यादा कैंसर मरीज इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। जिन्हें सिर्फ सलाह मिल रही है। वजह यह है कि कोबाल्ट मशीन सालों से खराब है, ब्रेकी थेरेपी यूनिट भी बंद पड़ी है और डुअल एनर्जी लीनेक मशीन अब तक ऑर्डर नहीं हुई। नतीजा यह कि मरीजों को रेडिएशन के लिए एम्स या निजी कैंसर अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि छात्रों को भी क्लिनिकल एक्सपोजर नहीं मिल पा रहा। जबकि दावा है कि नया रेडिएशन बंकर तैयार है और जल्द 25 करोड़ की हाईटेक यूनिट शुरू होगी। बता दें, पुरानी कोबाल्ट मशीन वर्षों से खराब पड़ी है और अब उसे डिकमीशन करने की तैयारी चल रही है। वहीं ब्रेकी थेरेपी मशीन भी पिछले एक साल से बंद है। ऐसे में सर्जरी होने के बाद भी मरीजों को रेडिएशन के लिए अन्य संस्थानों में भेजना पड़ता है। वहीं, जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने कहा कि बंकर तैयार है और जल्द ही मशीनें इंस्टॉल की जाएंगी।

### छात्रों को नहीं मिल रहा मरीजों का अनुभव

स्थिति का असर मेडिकल शिक्षा पर भी पड़ रहा है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने पिछले सत्र में जीएमसी की ऑन्कोलॉजी की चारों पीजी सीटों की मान्यता रद्द कर दी थी। बाद में इस सत्र में सीटें बहाल की गईं, क्योंकि कॉलेज प्रशासन ने जल्द नई लीनेक मशीन स्थापित करने का आश्वासन दिया था। मशीन अब तक ऑर्डर नहीं होने से पीजी छात्रों को रेडिएशन थेरेपी का व्यावहारिक अनुभव नहीं मिल पा रहा। हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि इस संबंध में प्रबंधन को पत्राचार के जरिए अवगत कराया गया है।

### एम्स या निजी अस्पताल ही मरीजों के पास विकल्प

रेडिएशन की जरूरत वाले मरीजों को या तो एम्स या निजी कैंसर अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। एम्स में पहले से भारी भीड़ है, जिससे लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ता है। यदि मरीज निजी अस्पताल का रुख करता है, तो उसे डेढ़ से दो लाख रुपए तक का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह बड़ा संकट है।

### पांच कॉलेजों में मशीन, जीएमसी पीछे

प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों के लिए डुअल लीनेक मशीनें प्रस्तावित थीं। जानकारी के अनुसार, चार अन्य कॉलेजों के लिए मशीनों के ऑर्डर जारी हो चुके हैं, लेकिन गांधी मेडिकल कॉलेज के लिए अब तक ऑर्डर नहीं हुआ। यह स्थिति राजधानी के सबसे बड़े सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए चिंता का विषय है।

### तैयार है हाईटेक रेडिएशन बंकर

दूसरी ओर, जीएमसी और हमीदिया अस्पताल प्रशासन का दावा है कि कैंसर उपचार की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रेडिएशन बंकर पूरी तरह तैयार है और एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड के मानकों के अनुसार बनाया गया है। यह बंकर तीन मीटर मोटी ठोस कंक्रीट की दीवारों और विशेष शील्डिंग से तैयार किया गया है, ताकि हाई एनर्जी रेडिएशन सुरक्षित रूप से नियंत्रित किया जा सके। आसपास की दीवारें भी डेढ़ मीटर मोटी हैं। जल्द ही एईआरबी की टीम निरीक्षण करेगी और हरी झंडी मिलने के बाद मशीन इंस्टॉल की प्रक्रिया शुरू होगी।

### 25 करोड़ की डुअल एनर्जी लीनेक यूनिट

हमीदिया अस्पताल में करीब 25 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक डुअल एनर्जी लीनेक मशीन लगाने की योजना है। यह मशीन दो प्रकार की रेडिएशन ऊर्जा के जरिए ट्यूमर पर सटीक प्रहार करती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तकनीक में रेडिएशन सीधे कैंसर कोशिकाओं पर असर करता है और स्वस्थ ऊतकों को कम नुकसान पहुंचता है।

# राममंदिर बनने के बाद पहली बार अयोध्या जाएंगे दिग्विजय सिंह

## रामलला और हनुमान गढ़ी के करेंगे दर्शन, मंदिर पूरा होने पर दर्शन करने का लिया था संकल्प

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह 26 मार्च को अयोध्या जा रहे हैं। राम मंदिर के निर्माण के बाद यह उनका पहला अयोध्या दौरा होगा। खास बात यह है कि सिंह ने मंदिर निर्माण के दौरान ही घोषणा की थी कि जब प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा, वे तभी दर्शन करने जाएंगे। अब जबकि मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है, वे अपना संकल्प पूरा करने पहुंचेंगे। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर निर्माण के लिए 1 लाख 11 हजार 111 रुपए की निधि समर्पित की थी। उन्होंने हमेशा कहा कि वे राम भक्त हैं, लेकिन राजनीति और आस्था को अलग रखते हैं।

### राष्ट्रपति ने चढ़ाया 150 किलो का स्वर्ण जड़ित श्री राम यंत्र

हाल ही में (19 मार्च 2026 को) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या का दौरा किया। उन्होंने वहां 150 किलो का स्वर्ण जड़ित श्री राम यंत्र स्थापित किया। नवरात्रि के पहले दिन राष्ट्रपति गुरुवार सुबह परिवार के साथ अयोध्या पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दूसरे फ्लोर पर बने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के अनुसार, मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य अब पूरा हो चुका है और अप्रैल अंत तक सभी तकनीकी औपचारिकताएं भी पूरी हो जाएंगी। राष्ट्रपति के इस दौरे को मंदिर की आध्यात्मिक पूर्णता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।



### रामेश्वर शर्मा बोले- राम जिसके साथ, जीत उसी की

बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा जब राम मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया, तब देश के संत-महंत, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस के परम पूज्य सरसंघचालक भी उसमें उपस्थित थे। कांग्रेस को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह शामिल नहीं हुई। दिग्विजय सिंह अगर उस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चले जाते, तो भी कांग्रेस उन्हें राज्यसभा नहीं भेजती। अब दिग्विजय सिंह यह महसूस कर चुके हैं कि राम अगर साथ हैं तो काम जरूर आता है। क्योंकि राम जिसके साथ होते हैं, जीत भी उसी की होती है। हमारे धर्म ग्रंथों में भी कहा गया है कि सत्य कभी पराजित नहीं होता। यदि यही बात देश की राजनीति पहले समझ लेती, तो अयोध्या का राम मंदिर कई वर्षों पहले बन जाता। दिग्विजय सिंह, जब आप रामलला के दर्शन करने जाएं, तो उन शहीदों को भी नमन करें जिन्होंने 1992 में गोलियां खाईं। जिन रामलला को आपकी पार्टी ने काल्पनिक कहा था, आज उनके दर्शन कर यह स्वीकार करें कि रामलला काल्पनिक नहीं, बल्कि यथार्थ हैं। रामलला के दर्शन ही जीवन का सार हैं। जो व्यक्ति इनके दर्शन से वंचित रहता है, उसका जीवन अधूरा है। रामलला के चरणों में पहुंचें, आगे का मार्ग वही बताएंगे।

# जज के सामने पूर्व बीजेपी सांसद के बेटे पर हमला

## भोपाल में कोर्ट में साले ने थप्पड़ मारे, कपड़े खींचे; बोला– वकालत बंद करा दूंगा

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल में जिला कोर्ट में पूर्व भाजपा सांसद के बेटे पर हमला हो गया। आरोपी ने उन्हें थप्पड़ मारे और कपड़े खींचे। आरोपी उनका सगा साला है। जज के सामने ही धमकी दी गई और झूमाझटकी में उनकी शर्ट के बटन टूट गए। हमले में आंख के पास चोट आई और खून बहने लगा। मामला मंगलवार दोपहर का है। वकील अनंत संजर, पूर्व सांसद आलोक संजर के बेटे हैं। वे पारिवारिक विवाद में काउंसलिंग के लिए पत्नी के साथ कोर्ट पहुंचे थे। इसी दौरान सगा साला विद्युत भटनागर कोर्ट में ही अभद्रता करने लगा और धमकाया– तेरी वकालत बंद कर दूंगा, तुझे बाहर देख लूंगा।



### जज के सामने भी आरोपी ने की बदसलूकी

अनंत संजर के मुताबिक, जज के सामने भी आरोपी लगातार बदसलूकी करता रहा। कोर्ट रूम से बाहर निकलते ही उसने झूमाझटकी शुरू कर दी और कपड़े पकड़कर खींचे, जिससे शर्ट के बटन टूट गए। चेहरे पर नोचने की कोशिश में नाखून लगने से आंख के पास चोट आई और खून निकल आया।

### पत्नी के साथ थाने पहुंचे, की शिकायत

घटना के बाद अनंत संजर पत्नी के साथ एमपी नगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से उनकी पत्नी द्वारा दहेज प्रताड़ना (498ए) सहित अन्य मामले दर्ज हैं और विवाद लंबे समय से चल रहा है।

### पूर्व सांसद बोले- कानून अपना काम करे

वहीं, पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा कि वे विवाद नहीं चाहते, लेकिन कानून अपना काम करे। घटना के बाद कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मुस्लिम समाज का प्रदर्शन, बोले–इस्लाम में गो मांस हराम

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

पुराने शहर के इतवारा चौराहे पर मंगलवार को ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के बैनर तले मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन कर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और गौ माता के सम्मान में मुस्लिम समाज मैदान में जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शन के दौरान कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि उनके मजहब इस्लाम में गाय का मांस खाना और उसका वध करना हराम माना गया है। उन्होंने कहा, ÷हम गौ रक्षा के पक्षधर हैं। हमारे नबी का फरमान है कि न हम गाय को काट सकते हैं और न ही उसका मांस खा सकते हैं। गाय का दूध और घी हमारे लिए उपयोगी बताया गया है, जिसका हम नियमित इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने देश में गाय और बछड़ों को लेकर बन रहे तनावपूर्ण हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि इस मुद्दे को गलत दिशा में ले जाया जा रहा है। जब हम गाय को माता का दर्जा देते हैं, तो उसे राष्ट्रीय पशु घोषित करने में सरकार को क्या आपत्ति है। खास बात यह है कि मुस्लिम समाज खुद यह मांग कर रहा है, इसलिए इसमें देरी नहीं होनी चाहिए। शमशुल हसन ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। उनका कहना था कि ऐसा होने से गायों के वध और इससे जुड़ी अफवाहों व आरोप-प्रत्यारोप पर रोक लगेगी, साथ ही वास्तविक दोषियों की पहचान भी आसान होगी।

# एक अप्रैल से सचिन सिन्हा बनेंगे अपर मुख्य सचिव

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष स्मिता भारद्वाज के रिटायर होने से रिक्त होगा एसीएस का पद

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष और प्रमुख सचिव स्मिता भारद्वाज 31 मार्च को रिटायर हो जाएंगी। उनके रिटायरमेंट के बाद प्रशासन अकादमी में पदस्थ प्रमुख सचिव सचिन सिन्हा नए अपर मुख्य सचिव बनेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार को माध्यमिक शिक्षा मंडल में नए अध्यक्ष की नियुक्ति करनी होगी। यह जिम्मेदारी अपर मुख्य सचिव स्तर के ही किसी अफसर को सौंपी जाएगी। अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज 31 मार्च को रिटायर होंगी। उसके बाद अपर मुख्य सचिव स्तर का एक पद रिक्त हो जाएगा और 1 अप्रैल से इस पद पर नई अफसर की पदस्थापना होगी। सीनियारिटी के हिसाब से सचिन सिन्हा अपर मुख्य सचिव पद के दावेदार हैं, इसलिए सामान्य प्रशासन विभाग 31 मार्च या 1 अप्रैल को उनके पदोन्नति करने का आदेश जारी करेगा। सिन्हा से पहले शिवशेखर शुक्ला अपर मुख्य सचिव बनाए गए थे।



### इस साल रिटायर होंगे ये अफसर

साल 2026 में जिन अन्य आईएएस अफसरों का रिटायरमेंट होना है, उसमें राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव अलका उपाध्याय का नाम शामिल है, जो मई में रिटायर होंगी। केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी आशीष श्रीवास्तव अक्टूबर में रिटायर होंगे। वे वर्तमान में गृह मंत्रालय में पदस्थ हैं। एमपी कैडर के प्रमुख सचिव स्तर के एक अन्य अधिकारी उमाकांत उमराव 1 अगस्त को रिटायर होंगे। वहीं लोकायुक्त संगठन में सचिव अरुणा गुप्ता अक्टूबर और खादी ग्रामोद्योग के महाप्रबंधक पद पर पदस्थ माल सिंह भयडिया जून में सेवानिवृत्त होंगे।

## एआई ने बनाया 100 दिन में 13 हजार फोकस क्षेत्रों की स्क्रीनिंग प्लान

# टीबी मुक्त भारत अभियान की आधुनिक शुरुआत

राष्ट्रबाण छिंदवाड़ा| संवाददाता rashtrabaan.in

विश्व टीबी दिवस के मौके पर भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि टीबी को खत्म करने के लिए इस अभियान को सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन बनाना होगा। प्रदेश में आधुनिक तकनीक और प्रीडिक्टिव एनालिसिस के जरिए 13 हजार से ज्यादा फोकस क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां सघन स्क्रीनिंग की जाएगी। सरकार का दावा है कि एआई तकनीक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के जरिए अब टीबी की पहचान और इलाज को और तेज किया जाएगा, जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मरीजों को जांच और इलाज के लिए प्रेरित करें और निक्षय पोषण योजना में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि टीबी का समय पर पता चलने से इसका इलाज आसान हो जाता है। इसलिए जागरूकता और शुरुआती जांच बेहद जरूरी है।



### 100 दिन में बड़े स्तर पर स्क्रीनिंग की तैयारी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एमडी सलोनी सिडाना ने बताया कि इस बार अभियान को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। एआई आधारित प्रीडिक्टिव एनालिसिस से प्रदेश में 13,428 फोकस क्षेत्रों की पहचान की गई है। इन क्षेत्रों में विशेष रूप से सघन स्क्रीनिंग, जांच और इलाज की व्यवस्था की जाएगी।

### एआई तकनीक से तेज होगी जांच

अभियान में एआई इनेबल्ड हैंडहेल्ड एक्स–रे मशीनों का उपयोग किया जाएगा। प्रदेश में 86 ऐसी मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे दूरदराज और घनी आबादी वाले इलाकों में भी तेजी से जांच संभव होगी। इससे मरीजों की जल्दी पहचान होगी और इलाज में देरी नहीं होगी।

### पिछले अभियान में भी बेहतर प्रदर्शन

एनएचएम की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि पिछले 100 दिवसीय अभियान में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी रहा था। उस दौरान 23 जिलों में सघन स्क्रीनिंग कर कई संभावित मरीजों की पहचान की गई थी और उन्हें इलाज व पोषण सहायता से जोड़ा गया। जीएमसी डीन कविता सिंह ने बताया कि प्रदेश में टीबी प्रबंधन में लगातार सुधार हुआ है। टीबी नोटिफिकेशन दर 2022 में 6 प्रतिशत थी, जो 2026 में बढ़कर 11.48 प्रतिशत हो गई है। इसका मतलब है कि अब ज्यादा मरीजों की पहचान हो रही है और उन्हें इलाज मिल रहा है।

# सरकारी अस्पतालों में 23 प्रतिशत डॉक्टर पद खाली

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

राजधानी भोपाल की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था एक तरफ डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी से जूझ रही है, तो दूसरी ओर सरकार भर्ती प्रक्रिया तेज करने के दावे कर रही है। जिला स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में 23 प्रतिशत डॉक्टरों के पद खाली हैं और हैरानी की बात यह है कि अब तक एक भी स्किन विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं हो सकी है। इससे मरीजों को बड़े अस्पतालों (एम्स और हमीदिया अस्पताल) का रुख करना पड़ रहा है। इसी बीच उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंगलवार को मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर लंबित भर्तियों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जहां व्यवस्थाओं को मजबूत करने की बात कही गई, वहीं जमीनी हालात अभी भी गंभीर चुनौती बने हुए हैं। इन हालातों के बीच उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की। उन्होंने सभी लंबित भर्तियों को तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारी चयन बोर्ड और लोक सेवा आयोग के साथ बेहतर समन्वय बनाने, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी रोकने और प्रशासनिक औपचारिकताएं समय पर पूरी करने पर जोर दिया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 25 मार्च 2026

# बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# बैतूल जनसुनवाई में मजदूर बोले- काम पूरा, मजदूरी नहीं मिली

## 7 लाख का भुगतान दिलाने की मांग; 800 घन मीटर में की थी लकड़ी की कटाई

बैतूल। संवाददाता
rashtrabaan.in

**मंगलवार** को बैतूल जिला मुख्यालय में चिचोली क्षेत्र के ग्राम गुराडिया के करीब 40 मजदूर अपनी बकाया मजदूरी की मांग को लेकर जनसुनवाई में पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्टर के सामने वन ग्राम केली रामपुर भतोड़ी में किए गए कूप कटाई कार्य की पूरी मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई और भुगतान दिलाने की मांग की।



### मजदूरों का आरोपः पूरी मजदूरी नहीं मिली

मजदूरों ने बताया कि उन्होंने 1 जनवरी 2026 से 12 फरवरी 2026 तक कूप क्रमांक 92/2008 में कूप कटाई का काम किया। इस दौरान करीब 800 घन मीटर लकड़ी की कटाई सहित अन्य संबंधित कार्य तय दरों पर पूरे किए गए। उनका कहना है कि इस काम की कुल मजदूरी 8 लाख 93 हजार 600 रुपए बनती है, लेकिन उन्हें अब तक केवल 3 लाख 24 हजार रुपए ही दिए गए हैं।

### 7 लाख 16 हजार 612 रुपए अब भी बकाया

मजदूरों के अनुसार, उनके मेहनताने का बड़ा हिस्सा अभी भी बाकी है। उन्होंने बताया कि कुल मजदूरी में से 7 लाख 16 हजार 612 रुपए की राशि अब तक नहीं दी गई है। इस वजह से सभी मजदूरों में नाराजगी और असंतोष बना हुआ है।

### वन विभाग पर गलत जानकारी देने का आरोप

मजदूरों का कहना है कि जब वे भुगतान के लिए वन विभाग के कार्यालय पहुंचे, तो वहां उन्हें बताया गया कि केवल 1 लाख 67 हजार 550 रुपए ही बाकी हैं। मजदूरों ने इस आंकड़े को गलत बताते हुए कहा कि वास्तविक बकाया इससे कहीं ज्यादा है, जिससे वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

### सुबह 7 से रात 7 बजे तक किया काम

मजदूरों ने बताया कि उन्होंने रोजाना सुबह 7 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक लगातार मेहनत की। कठिन परिस्थितियों में काम करने के बावजूद उन्हें पूरा मेहनताना नहीं मिला, जिससे वे काफी परेशान हैं। मजदूरों ने बताया कि वे पूरी तरह दैनिक मजदूरी पर निर्भर हैं। समय पर भुगतान नहीं होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई मजदूरों पर किराना दुकानों का उधार बढ़ता जा रहा है और परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मजदूरों ने जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उनकी बकाया मजदूरी का जल्द भुगतान कराने की मांग की है। मजदूरों का कहना है कि अगर उन्हें जल्द उनका पैसा नहीं मिला तो उनकी स्थिति और खराब हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि उन्हें उनका हक मिल सके।

# 23 हजार बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र

## 2348 आंगनवाड़ी केंद्रों पर एकसाथ कार्यक्रम

बैतूल। संवाददाता
rashtrabaan.in

**बैतूल** में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को बाल मंदिर सभाकक्ष में विद्यारंभ प्रमाण पत्र एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी में शाला पूर्व शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश में यह पहल पहली बार की जा रही है। इसके तहत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाण पत्र' देकर उनके शैक्षणिक जीवन की औपचारिक शुरुआत को मान्यता दी जा रही है।



### बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं

बाल मंदिर सभाकक्ष में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। लाडली बिटिया ज्ञानवी गुरबाने ने देशभक्ति कविता 'सरफरोशी की तमन्ना' और 'इंकलाब जिंदाबाद' की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सहायक संचालक विवेक ऊइके और सीडीपीओ निरंजन सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य आंगनवाड़ी में मिलने वाली प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाना, बच्चों को सहज रूप से स्कूल में प्रवेश दिलाना और समाज में शाला पूर्व शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह आयोजन प्रदेशभर में एक साथ आयोजित किया गया, जिससे आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रारंभिक शिक्षा के मजबूत आधार के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### 23 हजार 245 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र

बैतूल जिले में यह कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित हुआ, जहां जिले की 12 परियोजनाओं के 90 सेक्टर और 2348 आंगनवाड़ी केंद्रों में एक साथ समारोह आयोजित किए गए। जिले में कुल 23 हजार 245 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल चौपाल का आयोजन भी किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता रही। बच्चों को प्रमाण पत्र मिलते देख अभिभावकों और बच्चों में उत्साह देखा गया।

# ओलंपियाड में चयनित 32 बच्चों का बैतूल में सम्मान :राज्य स्तर पर ख्याति चौथे स्थान पर

## समारोह समय पर नहीं होने पर परिजनों ने उठाए सवाल

बैतूल। संवाददाता
rashtrabaan.in

**बैतूल** में जिला स्तरीय ओलंपियाड में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान समारोह मंगलवार को जिला पंचायत सभागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन ने की। इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों से चयनित 32 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में बच्चों के पालक भी उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार, जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन 16 और 17 जनवरी को किया गया था। यह परीक्षा जिले के 10 विकासखंडों में आयोजित हुई थी, जिसमें कक्षा 2 से 5 तक के 2006 और कक्षा 6 से 8 तक के 2647 सहित कुल 6653 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 32 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर पर किया गया।

इसी कड़ी में 22 और 23 मार्च को ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के चार विद्यार्थियों मान्या इवने (प्राथमिक शाला घोड़ा डोंगरी), नीरू सूर्यवंशी (माध्यमिक शाला गंगापुर), रानी प्रजापति (माध्यमिक शाला सुभाष बैतूल) और ख्याति सोनी (शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय पाथाखेड़ा) का चयन हुआ था। इन विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें ख्याति सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के टॉप-10 में चौथा स्थान हासिल किया।




### समाहोर में मंच से परिजनों ने नाराजगी जताई

समारोह के दौरान कुछ परिजनों ने नाराजगी भी जताई। उनका कहना था कि यह सम्मान समारोह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से पहले आयोजित किया जाना चाहिए था, जिससे चयनित बच्चों को बेहतर प्रोत्साहन मिल पाता। इस मुद्दे को मंच से भी उठाया गया। स्वयं ख्याति सोनी ने भी अपने संबोधन में इस अनियमितता की ओर ध्यान आकर्षित किया।

वहीं, ख्याति सोनी के पिता और आम आदमी पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी अजय सोनी ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की जानकारी समय पर नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि 22-23 मार्च को जब वे अपनी बेटी को ग्वालियर लेकर जा रहे थे, तभी उन्हें पता चला कि यह प्रतियोगिता है, जबकि वे इसे केवल सम्मान समारोह समझ रहे थे। उनके अनुसार जन शिक्षा केंद्र द्वारा पूर्व में कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई थी।

### अफसर बोले- परीक्षाओं के कारण देरी हुई

हालांकि, इस मामले में जन शिक्षा केंद्र के सहायक परियोजना अधिकारी राजेश तुरिया ने सफाई देते हुए कहा कि बच्चों की परीक्षाओं के चलते पहले सम्मान समारोह आयोजित नहीं किया जा सका। उन्होंने बताया कि इसी कारण कार्यक्रम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद आयोजित किया गया। कुल मिलाकर जहां एक ओर बच्चों की उपलब्धियों का सम्मान किया गया, वहीं आयोजन के समय और सूचना व्यवस्था को लेकर उठे सवाल भी चर्चा का विषय बने रहे।

# बैतूल में मौसा के घर भांजे ने की चोरी

## 20 लाख के जेवर चुराकर गोल्ड लोन से चुकाया कर्ज

बैतूल। संवाददाता
rashtrabaan.in

**बैतूल** जिले के आमला थाना क्षेत्र में हुई 20 लाख से ज्यादा की बड़ी चोरी का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। इस वारदात में कोई बाहरी बदमाश नहीं, बल्कि फरियादी का ही रिश्तेदार निकला, जिसने भरोसे का फायदा उठाकर घर में नकबजनी को अंजाम दिया।

घटना 9-10 मार्च 2026 की दरम्यानी रात की है, जब आमला के कुब्जी मोहल्ला निवासी ओमकार टिकारे के घर में पीछे का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर घुसा। आलमारी और पेटी तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत लाखों का माल साफ कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।



पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो शक की सुई एक करीबी पर जाकर टिक गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इंदौर से महेन्द्र उर्फ रंजीत देवड़े को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। वह फरियादी का भांजा है और आर्थिक तंगी व कर्ज में डूबने के कारण उसने अपने ही मौसा के घर को निशाना बनाया।

### गोल्ड लोन कंपनी में गिरवी रख दिया था

आरोपी ने चोरी के जेवरात इंदौर की एक गोल्ड लोन कंपनी में गिरवी रखकर करीब 8 लाख रुपए हासिल किए। इस रकम से उसने अपने पुराने कर्ज चुकाए और बाकी पैसे अपने खाते में रखे, जिसे पुलिस ने फ्रीज कर दिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर, नगदी और बैंक राशि मिलाकर कुल 20 लाख 85 हजार 200 रुपए का मशरूका बरामद किया है।

आमला पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिसने कुछ ही दिनों में मामले का खुलासा कर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

# नगर की आंगनवाड़ियों में विद्यारंभ प्रमाण पत्रों का वितरण कार्यक्रम

मुलताई। महिला बाल विकास परियोजना मुलताई के द्वारा नगर की समस्त आंगनवाड़ियों में विद्यारंभ प्रमाण पत्रों का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया जिसमें नगर की आंगनवाड़ियों में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गड़ेकर, एस डी एम राजीव कहार, तहसीलदार, संजय बरैया, जनपद सी ई ओ धर्मपाल सिंह मसराम, वार्ड पार्षद महेंद्र जैन, डॉ जी ए बारस्कर, सुरेश पौनीकर, निर्मला उबनारे सहित गायत्री परिवार की निर्मला चौधरी, नारायण देशमुख अध्यक्ष नगर विकास प्रस्फुटन समिति मुल्ताई, सहित महिला बाल विकास परियोजना प्रभारी अधिकारी गीता मालवीय, सुनीता कासदे सहित, बी सी राजकुमार लोधा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया।

# नि :शुल्क पंचकर्म में अब तक 909 मरीजों ने लिया उपचार

## पंचकर्म के प्रति बढ़ा भरोसा, पुरानी बीमारियों के लिए मरीजों ने लिया परामर्श

बैतूल। संवाददाता
rashtrabaan.in

**आमजन** के बेहतर स्वास्थ्य और आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग में आयोजित निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर को जनता का जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और विभिन्न बीमारियों के लिए परामर्श के साथ उपचार भी प्राप्त किया। इस सफल शिविर के माध्यम से अब तक कुल 909 मरीजों को निःशुल्क उपचार का लाभ मिल चुका है।



शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर के निर्देशन में किया गया। शिविर के संचालन के लिए अनुभवी डॉक्टरों और आयुर्वेद विशेषज्ञों की टीम तैनात की गई थी। शिविर के नोडल अधिकारी विशेषज्ञ आयुर्वेद डॉक्टर प्रियंका उइके तथा सहायक नोडल अधिकारी डॉक्टर सरिता डहेरिया के मार्गदर्शन में विभाग के सभी कर्मचारियों ने मरीजों का उपचार सुनिश्चित किया।

शिविर के दौरान पंचकर्म चिकित्सा के प्रति लोगों का विशेष रुझान देखने को मिला। मरीजों ने सामान्य बीमारियों के लिए परामर्श लिया। साथ ही पंचकर्म जैसी प्राचीन और प्रभावशाली चिकित्सा पद्धति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञ आयुर्वेद डॉक्टर प्रियंका उइके ने बताया कि पंचकर्म के माध्यम से शरीर का शुद्धिकरण होता है और यह पुरानी तथा जटिल बीमारियों को जड़ से समाप्त करने में सहायक होता है। आयुष विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे निःशुल्क शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि समाज के हर वर्ग तक आयुर्वेद और पंचकर्म चिकित्सा का लाभ पहुंच सके।

## सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया कृषि अनुसंधान केंद्र बैतूल बाजार का भ्रमण

# पांचवीं के छात्रों ने देखे मौसम मापने के आधुनिक यंत्र

बैतूल। संवाददाता
rashtrabaan.in

**विश्व** मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कृषि अनुसंधान केंद्र बैतूल बाजार का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहां उन्हें कृषि और मौसम विज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रायोगिक रूप से दी गईं। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने केंद्र में पहुंचकर मौसम और जलवायु को मापने की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और वैज्ञानिक संजय जैन से सीधे बातचीत कर जानकारी प्राप्त की।



भ्रमण के दौरान छात्रों को बताया गया कि मौसम का पता कैसे लगाया जाता है, कौन-कौन से यंत्र उपयोग में लिए जाते हैं और मौसम पूर्वानुमान किस आधार पर तैयार किया जाता है। वैज्ञानिक संजय जैन ने विद्यार्थियों को थर्मामीटर से तापमान मापने की प्रक्रिया, बैरोमीटर से वायुमंडलीय दबाव मापने, हाइग्रोमीटर से आर्द्रता जानने, एनिमोमीटर से हवा की गति मापने, रेन गेज से वर्षा की मात्रा दर्ज करने, पाइरोमीटर से सौर विकिरण मापने और डॉपलर रेडार के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान और तूफान की चेतावनी देने की पूरी जानकारी विस्तार से दी।

स्कूल डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि और मौसम विज्ञान से जुड़ा प्रैक्टिकल ज्ञान देना था, ताकि बच्चे भविष्य में इन क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित हो सकें। वहीं स्कूल प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती ऋतु बाजपाई ने बताया कि स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के तहत विश्व मौसम विज्ञान दिवस और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मौसम और जलवायु के महत्व को समझाया गया, पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में बताया गया तथा मौसम पूर्वानुमान और चेतावनी प्रणाली की उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। बच्चों ने कृषि अनुसंधान केंद्र में विभिन्न कृषि यंत्रों का भी अवलोकन किया और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता को समझा।

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबों के ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल अनुभव भी मिलता है, जो उनके व्यक्तित्व विकास और भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# खेड़लीबाजार आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित

## 5-6 वर्ष के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने किया प्रोत्साहित

बैतूल। संवाददाता
rashtrabaan.in



**परियोजना** आमला के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र खेड़लीबाजार में मंगलवार 24 मार्च को 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सरपंच अतुल पारखे तथा जनपद सदस्य राजेश पहाड़े ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव होती है। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक गजानंद पाठेकर, सुपरवाइजर ममता पाटील तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना पण्डाग्रे, प्रमिला पण्डोले, पूजा बामने और सहायिका भी उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 25 मार्च 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या

## 102 आवेदकों ने दिये अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 24 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 102 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।

जनसुनवाई में बालाघाट तहसील के ग्राम बरखो निवासी शिवकुमार मड़ावी भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत पशुपालन के लिए ऋण दिलाने की मांग लेकर आये थे। शिवकुमार मड़ावी का कहना था कि वे हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण है और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपना स्वयं का व्यवसाय करना चाहता है। उसने बताया कि उसके पास 10 गाय व 20 बकरियॉ है परन्तु पूंजी के अभाव में वे अपना स्वयं का रोजगार नहीं कर पा रहे। शिवकुमार मड़ावी नें कलेक्टर से मांग की है की वह अनुसूचित जनजाति वर्ग से आता है इसलिए उसे शासन की योजना के तहत 50 हजार रूपये की ऋण राशि व 05 प्रतिशत ब्याज के अनुदान कों स्वीकृत कर ले। उसकी समस्या कों सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा कों आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तिरोड़ी तहसील के ग्राम नयाटोला निवासी मानसिंह परते कर्ज माफ़ी की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि उसकी भूमि पर पिछले 04 से 05 वर्षो में धान की फसल नहीं हो पा रही है। राजीव सागर बाँध का पानी लगातार बहने से धान की फसल कों बीमारी लग रही है व फसले पर्याप्त उपज नही मिल रही है। जिसके कारण वह अत्यधिक कर्जे में चला गया है। वह सेंट्रल बैंक शाखा तिरोड़ी का 02 लाख का कर्ज अदा नहीं कर पा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री मीना नें उपसंचालक कृषि एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। जनसुनवाई में ग्राम मानेगांव के मछुआ समाज के ग्रामवासी मछुआ समिति से अपने ग्राम कों जोड़ने की मांग लेकर आये थे।

मछुआ समाज के लोगो का कहना था कि हम सभी मछली पालन का काम करते है लेकिन हमारे गांव में कोई भी मछुआ समिति नहीं है। उनका कहना था कि मानेगांव से 03 किलोमीटर पर सुरवाही में मछुआ समिति है व मछुआ समिति का तालाब 05 किलोमीटर दूर है। मछुआ समिति से न जुड़ने के कारण हम सभी ग्रामवासी मछली पालन नहीं कर पा रहे है व हम सभी बेरोजगार हो गए है। बारिश के मौसम में हम सभी कों मजबूरी में नाले के पानी से मछली मारना पड़ता है। समिति से न जुड़े रहने के कारण हमें शासन की सभी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है। उनकी समस्या कों सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें उपसंचालक मत्स्योद्योग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। लालबर्रा तहसील के ग्राम सोनेवानी निवासी दीपसिंह कुमरे चौकीदार के पद पर नियुक्ति की मांग लेकर आये थे। दीपसिंह कुमरे का कहना था कि वह पढ़ा लिखा बेरोजगार है व रोजगार न होने से उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है। उसने बताया कि उसका निवास व ग्राम वन परिक्षेत्र लालबर्रा के अंतर्गत आता है। अतः उसे वन विभाग के अंतर्गत चौकीदार की नौकरी मिल जाती है तो वह अपने घर का पालन-पोषण अच्छे से कर पाएगा।

इस प्रकरण में वन विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में बालाघाट तहसील के ढीमरटोला बूढ़ी निवासी रविशंकर खरोले सीएम स्वरोजगार योजना अंतर्गत ई-रिक्शा की सब्सिडी प्रदान करने की मांग लेकर आये थे। रविशंकर खरोले का कहना था कि उन्होंने सीएम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा प्राप्त किया था। उनके द्वारा ई-रिक्शा के लोन की पूरी राशि बैंक में जमा की जा चुकी है लेकिन उसकी सब्सिडी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। उसने बताया कि इस सम्बन्ध में 18 दिसंबर 2025 कों सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गयी थीं परन्तु अभी तक इसका कोई समाधान नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर श्री मीना नें अग्रणी बैंक प्रबंधक कों आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। लालबर्रा तहसील के ग्राम मोहगांव (ध) की प्रेमलता नगपुरे शिकायत लेकर आयी थी कि वर्ष 2024-25 में उसे मीनाक्षी तालाब स्वीकृत किया गया था। उसके खेत में तालाब का कार्य पूर्ण हो गया है और वह उसमें मंछली पालन का कार्य कर रही है। लेकिन उसे अब तक तालाब निर्माण की सामग्री का भुगतान नही किया गया है। अतः उसे सामग्री का शीघ्र भुगतान किया जाए। इस प्रकरण में जिला पंचायत के मनरेगा पीओ को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में किरनापुर तहसील के ग्राम पल्हेरा के निवासी राहुल सिल्हारे शिकायत लेकर आये थे कि वह वर्ष 2024 में अपनी पत्नी के साथ काम की तलाश में तेलंगाना गया था, वहां पर नागपुरी अनिल पिता कुमार स्वामी द्वारा उसे मिस्त्री और आटो चलाने का कार्य दिया गया था। उसके द्वारा अपनी पत्नी के साथ 02 साल तक वहां पर काम किया गया, लेकिन नागपुरी अनिल पिता कुमार स्वामी द्वारा उसका 04 लाख 69 हजार रुपए का भुगतान नही किया गया है। अतः उसे यह राशि दिलायी जाए। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने जिला श्रम पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। बालाघाट तहसील के ग्राम कोसमी निवासी दयाराम नगपुरे शिकायत लेकर आये थे कि उसके पडोसी धरम नगपुरे द्वारा उसे अपने मकान व खेत में जाने के लिए रास्ते का उपयोग नही करने दे रहा है। दयाराम ने बताया कि उसके मकान के बाजू में धरम नगपुरे की प्लाटिंग है, उसने अपने खेत में आने जाने के लिए 01 लाख 10 हजार रुपए एवं मकान में आने जाने के लिए 01 लाख 10 हजार रुपए इस प्रकार के 02 लाख 20 हजार रुपए की राशि धरम नगपुरे को दिया है, लेकिन अब धरम नगपुरे उसे अपने प्लाटिंग के रास्ते में दरवाजा खोलने से मना कर रहा है। अतः धरम नगपुरे के विरूद्ध कार्यवाही की जाए और उसकी राशि वापस दिलायी जाए।

इस प्रकरण में एसडीएम बालाघाट को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। खैरलांजी तहसील के ग्राम भोरगढ निवासी पतिराम बाहेश्वर पुत्र की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की दावा राशि नही मिलने की शिकायत लेकर आये थे। पतिराम का कहना थो कि उसके पुत्र निलेश की 23 अगस्त 2025 को सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। उसका स्टेट बैंक भोरगढ में खाता था और उसने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में बीमा कराया था। उसके द्वारा 09 सितम्बर 2025 को दावा राशि के लिए सभी दस्तावेजों के साथ बैंक में आवेदन जमा कर दिया गया है। लेकिन अब तक उसे दावा राशि का भुगतान नही किया गया है। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। जनसुनवाई में ग्राम हीरापुर की अमरूता बाई नेवारे राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की राशि दिलाने की मांग लेकर आयी थी। अमरूता बाई का कहना था कि उसक परिवार बीपीएल श्रेणी में है और उसके पति की 20 अप्रैल 2025 को मृत्यु हो गई है।

उसके द्वारा ग्राम पंचायत में आवेदन दिया गया है, लेकिन उसे अब तक सहायता राशि नही मिली है। इस पर सामाजिक न्याय विभाग के जिला समन्वयक को कार्यवाही करने कहा गया है। किरनापुर तहसील के ग्राम भुवा के निवासी विरेंद्र टोंडरे पत्नी की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की दावा राशि नही मिलने की शिकायत लेकर आये थे। उनका कहना था कि उसकी पत्नी सुमेश्वरी टोंडरे की 12 अप्रैल 2025 को मृत्यु हो गई है उसका बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा भानेगांव में खाता है और उसने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमा कराया था, लेकिन उसे अब तक दावा राशि का भुगतान नही किया गया है। अतः उसे शीघ्र दावा राशि का भुगतान किया जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

# भगवा रंग में रंगेगा नैनपुर राम जन्मोत्सव पर 5वे वर्ष में निकलेगी भव्य हिंदू एकता शोभा यात्रा



नैनपुर | संवाददाता
rashtrabaan.in

नैनपुर नगर एक बार फिर राममय होने जा रहा है, 26 मार्च को राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा हिंदू एकता झंडा यात्रा का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है लगातार 5वे वर्ष से आयोजित हो रही, यह शोभायात्रा इस बार और भी बड़े स्तर पर निकली जाएगी, जिसमें पूरे नगर को भगवा ध्वज, तोरण और भगवान राम के फ्लेक्स से सजाया जा रहा है, आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में है और पूरे शहर में धार्मिक उत्सव साफ दिखाई दे रहा है। इस बार शोभा यात्रा ने मुख्य आकर्षण में भगवान रामचंद्र की भव्य प्रतिमा रहेगी, इसके साथ ही भगवान हनुमान जी स्वरूप बाहुबली हनुमान जी का किरदार देखने को मिलेगा, राम लाल की प्रतिमा, चरित्र राम दरबार और वानर सेवा की झांकी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगी आयोजकों के अनुसार इस बार झांकियां को विशेष रूप से तैयार किया गया है, ताकि पूरे नगर में राम भक्तों के बीच एक अलग ही धार्मिक वातावरण बन सके। पूरी शोभा यात्रा को धार्मिक और ऐतिहासिक रूप देने की कोशिश की जा रही है।

# सुंदरवाही के प्राथमिक शिक्षक को किया गया निलंबित

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

बालाघाट जिले की बिरसा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुंदरवाही (दमोह) के प्राथमिक शिक्षक श्री गोयल सिंह मेरावी को अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण बालाघाट कलेक्टर के आदेशानुसार सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमति शकुंतला डामोर बालाघाट द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़ी, विकासखंड बैहर निर्धारित किया गया है। शिक्षक गोयल सिंह मेरावी द्वारा 23 मार्च 2026 को 12 बजे तपती दोपहर की कड़ी धूप में शाला के नन्हे बच्चों से फावड़ा, घमेला से मिट्टी ढुलवाने का कार्य कराए जाने का वीडियो वायरल हुआ था। प्रथम दृष्ट्या यह कृत्य गंभीर कदाचार, अमानवीय व्यवहार और शासकीय सेवक के दायित्वों के विपरीत पाया गया। प्रशासन ने माना कि इस घटना से शासन की छवि धूमिल हुई है। और शिक्षक जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए इस प्रकार का आचरण अत्यंत खेद जनक है। यह कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965, शिक्षा का अधिकार अधिनियम (ऋक्षश्व), 2009 और बाल श्रम (निषेध एवं विनियनम) अधिनियम, 1986 का उल्लंघन है। इसी आधार पर बालाघाट कलेक्टर के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी (विकासखण्ड बैहर) निर्धारित किया गया है। इस कार्रवाई से जिले के लापरवाह कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश है कि किसी भी सूरत में गैर जिम्मेदाराना कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। और आगे भी ऐसे लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# खैरलांजी के 171 आंगनवाडी केंद्रो के 1820 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 24 मार्च को परियोजना खैरलांजी अंतर्गत 171 आंगनवाड़ी केंद्रों में 'विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित बाल चौपाल में आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के करीब 1820 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी लके उके, पर्यवेक्षक, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इस पहल को प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बिना वैध डिग्री एलोपैथी उपचार करने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने लांजी के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के एलोपैथी पद्धति से चिकित्सा करने वाले सालस परवेंदर सिंह के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि श्री सालस परवेन्दर सिंह आर, पिता श्री रनवीर सिंह सरदार, निवासी शिवाजी वार्ड क्रमांक 04, लखनादोन, जिला सिवनी द्वारा दिनांक 01 मार्च 2026 को ग्राम बोलेगांव, तहसील लांजी में बिना राज्य शासन से मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय अर्हता के मरीजों का एलोपैथिक पद्धति से उपचार किया जा रहा था। यह कृत्य मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 के प्रावधानों का उल्लंघन है। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि आरोपी के विरुद्ध अधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही एफआईआर दर्ज होने के पश्चात उसकी प्रति जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे केवल प्रमाणित एवं पंजीकृत चिकित्सकों से ही उपचार कराएं तथा किसी भी अवैध चिकित्सा गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें।

# कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में 24 मार्च 2026 से दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौसम हरिनखेड़े (सदस्य, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग) उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में भारती ठाकुर (अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद बालाघाट), गौरी लिल्हारे, अर्चना गुप्ता एवं विद्या परिहार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन समिति में डॉ. सरोज घोड़ेश्वर, विजय तुरकर, डॉ. राहुल सूर्यवंशी एवं मनिका चौबे का विशेष योगदान रहा। स्नेह सम्मेलन में छात्राओं ने एकल एवं समूह नृत्य, फैंसी ड्रेस सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, जिनमें डॉ. सुनील कुमार मासुरकर, डॉ. दीपरत्ना मासुरकर, सीमा मिश्रा, डॉ. स्वाति खोब्रागड़े एवं डॉ. अनुभूति सेंडिमन सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विद्यार्थियों को मिला तनाव प्रबंधन का मार्गदर्शन

# पीजी कॉलेज में मनोबल सत्र-2026' का हुआ आयोजन

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रायोजित मनोबल सत्र-2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में 13, 14, 16 एवं 17 मार्च 2026 को ऑनलाइन माध्यम के जरिए संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा शैक्षणिक एवं मानसिक तनाव से निपटने की रणनीतियाँ, ध्यान (मेडिटेशन), बिना तनाव के लक्ष्य प्राप्ति, सामाजिक तनाव, जीवन कौशल एवं भावनात्मक संतुलन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परीक्षा तनाव को कम करना, सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना एवं जीवन कौशल को सुदृढ़ करना रहा, जिसे सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया। इसी श्रृंखला में समापन सत्र 24 मार्च 2026 को वर्चुअल कक्षा में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. विनय मिश्रा ने "Stress Management During E&am Period" विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। साथ ही माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा भी विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण को लेकर एनएसएस का जागरूकता अभियान

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) इकाई द्वारा व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्थित वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स की साफ-सफाई की। पिट्स में जमा पत्तों, पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट को हटाकर उनमें कंकड़-पत्थर डाले गए, जिससे वर्षा जल का बेहतर संचयन हो सके और भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही वाटर कूलर के आसपास भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने नारों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया हम सबने यह ठाना है, भूमिगत जल बचाना है÷ और ÷नदियों को स्वच्छ बनाना है÷। स्वयंसेवकों ने जल स्त्रोतों को प्रदूषित न करने और जल का संतुलित उपयोग करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. कंचन मसराम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐडे, बालक इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचना कोरी, प्रो. अनिल हनवत सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 25 मार्च 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# समाधान की उम्मीद या सिर्फ कागजी खानापूर्ति का मेला?

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**कलेक्ट्रेट** सभाकक्ष में पुनः कल फिर वही पुरानी पटकथा दोहराई गई। जिलास्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर शीतला पटले के सामने फरियादियों की कतार लगी, जहाँ उन्होंने और उनके प्रशासनिक अमले जिसमें सीईओ जिला पंचायत अंजली शाह, अपर कलेक्टर सीएल चनाप और सुनीता खंडायत समेत तमाम विभागों के मुखिया मौजूद थे। ने एक-एक कर आवेदकों की व्यथा सुनी अधिकारियों ने निर्देश दिए, नोटिंग हुई और फाइलें आगे बढ़ गई।



## क्या फाइलों से बाहर निकलती है असल राहत?

हर जनसुनवाई में अधिकारियों की गंभीरता पर कोई सवाल नहीं उठाता, लेकिन सवाल तो व्यवस्था की उस कार्यक्षमता पर है जो इन फरियादों के निपटारे के बाद नजर आनी चाहिए। प्रशासन यह तो गिन लेता है कि आज कितनी अर्जियां आई हैं, लेकिन क्या कभी प्रशासन ने इस बात पर आईना देखा है कि उन शिकायतों में से हकीकत में कितनी शिकायतों का धरातल पर समाधान हुआ? अक्सर जनसुनवाई में सुनवाई सिर्फ निर्देशों पर खत्म हो जाती है, लेकिन आवेदकों के लिए यह सफर महीनों, कभी सालों तक खिंच जाता है। क्या यह प्रक्रिया केवल समस्याओं के समाधान के लिए है या फिर जनता को यह अहसास दिलाने के लिए कि हमने आपकी सुन ली, अब आप चक्कर काटते रहिए?

## व्यवस्था पर बड़ा सवाल

**प्रशासन** को अब यह आत्ममंथन करने की जरूरत है कि क्या शिकायतों का अम्बार बढ़ना विभाग की कार्यप्रणाली की सफलता है या असफलता? सिर्फ निर्देश देकर पल्ला झाड़ लेना प्रशासनिक उत्तरदायित्व नहीं है। जनता को उम्मीद है कि त्वरित निराकरण की लफ्फाजी से बाहर निकलकर, प्रशासन उन पेंडिंग शिकायतों की सूची सार्वजनिक करे, जिनका निराकरण केवल फाइलों की स्याही में नहीं, बल्कि धरातल पर हुआ है। अब वक्त आ गया है कि जनसुनवाई के आंकड़ों से इतर, उस संतुष्टि दर पर गौर किया जाए जो यह बताए कि आम आदमी को वाकई में राहत मिली या उसे सिर्फ तारीखों के जाल में उलझाया गया।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध, सिवनी में शिक्षकों का प्रदर्शन

बोले- दो साल में परीक्षा पास नहीं की, तो जबरन रिटायर किया जाएगा





राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले के सभी आठों विकासखंडों के शिक्षक 24 मार्च को जिला मुख्यालय में जमा हुए। शिक्षकों ने सरकार के उस फैसले का जमकर विरोध किया, जिसमें अब पुराने शिक्षकों के लिए भी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करना जरूरी कर दिया गया है।

लोक शिक्षण संचालनालय के 2 मार्च 2026 के नए आदेश से नाराज शिक्षकों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर अपनी आवाज उठाई।

शिक्षकों ने कलेक्टर के जरिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि वे पिछले 20-22 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जब उनकी भर्ती हुई थी, तब ऐसी कोई शर्त नहीं थी। अब इतने सालों बाद अचानक परीक्षा थोपना उनके साथ नाइंसाफी है। शिक्षकों का तर्क है कि पुरानी नियुक्तियां उस समय के नियमों के हिसाब से ही हुई थीं, तो अब बीच में नियम बदलना गलत है।

**सरकार से पुनर्विचार की मांग:** शिक्षक संगठनों ने मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है कि दूसरे राज्यों की तरह वे भी सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ दोबारा विचार करने की अर्जी (पुनर्विचार याचिका) लगाएं। उन्होंने गुहार लगाई है कि जब तक कोर्ट का कोई बड़ा फैसला नहीं आ जाता, तब तक इस परीक्षा को टाल दिया जाए ताकि शिक्षकों पर फालतू का दबाव न बने।

## नौकरी और भविष्य पर मंडराता खतरा

शिक्षकों को डर है कि अगर वे दो साल के भीतर यह परीक्षा पास नहीं कर पाए, तो उन्हें जबरन रिटायर (रिटायरमेंट) कर दिया जाएगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति और सामाजिक सुरक्षा बिगड़ जाएगी। उन्होंने यह भी मुद्दा उठाया कि वे पहले से ही नई पेंशन योजना में हैं, जिससे उन्हें पुरानी पेंशन जैसा सहारा भी नहीं है।

### पढ़ाई और सरकारी कामों पर पड़ेगा असर

संयुक्त मोर्चा ने बताया कि प्रदेश के करीब 1.60 लाख शिक्षकों को यह परीक्षा देनी होगी। ये शिक्षक पहले से ही बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ चुनाव और दूसरे सरकारी कामों में व्यस्त रहते हैं। अगर वे परीक्षा की तैयारी में जुटेंगे, तो स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई का भारी नुकसान होगा।

## महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश के बीच डंडार का जंगी मुकाबला 28 मार्च को

**बैतूल।** ग्राम दनोरा में रामनवमी एवं नववर्ष गुढी पाढवा पर्व के अवसर पर 28 मार्च शनिवार को रात्रि 9 बजे महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच डंडार का जंगी मुकाबला आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन बोल बम समिति दनोरा द्वारा किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष जगदीश कुबडे ने बताया कि इस मुकाबले में राष्ट्रीय आजाद कला पथक नीला निशान चन्द्रपुर, महाराष्ट्र की श्रीमती जया बोरकर, शाहिर एवं शेखर बाबू सह-शाहिर प्रस्तुति देंगे। वहीं मध्यप्रदेश की ओर से शिवशक्ति तुर्रा मंडल प्रभातपट्टन के नीलेश बाबू शाहिर एवं सुभाष भाउ सावरकर सह-शाहिर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

आयोजन समिति के श्याम वाघमारे, नारायण चिल्हाटे, रामदयाल सरले, जगदीश कुबडे, गेंदाराम गाढवे, रामराव ठोके, शिवनाथ वाघमारे, देवराव मासोदकर, मनोज सराटकर, गणेश पारखे, दयाराम वाघमारे, गणेश बारस्कर सहित समस्त ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर दोनों मंडलों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# जुआरियों के फड़ पर काल बनकर टूटी खाकी!

बंडोल पुलिस का सर्जिकल स्ट्राइक बोरिया में पुलिस की दबिश

### चार रंगे हाथों गिरफ्तार, मुख्य सरगना 'गोलू' फरार!


राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**जिले** में अपराधियों और अवैध धंधेबाजों की अब खैर नहीं है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के जीरो टॉलरेंस निर्देश मिलते ही बंडोल पुलिस ने जुआरियों के सुरक्षित ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया है। 22 मार्च की शाम जब जुआरी पैसों की खनक और ताश के पत्तों के नशे में चूर थे, तभी बंडोल पुलिस ने घेराबंदी कर उनके मंसूबों को मिट्टी में मिला दिया।

शिवहरे गिट्टी क्रेशर के पीछे बने सुनसान इलाके को अपराधियों ने जुए का अड्डा बना रखा था। मुखबिर की पक्की खबर मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला ने अपनी टीम के साथ प्लान-बी तैयार किया।

## पुलिस को देखते ही मची भगदड़

जैसे ही पुलिस की टीम ने मौके पर धावा बोला, जुआरियों के होश फाख्ता हो गए। वे अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की फिराक में थे, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। हालांकि, इस



खेल का मुख्य मोहरा और मास्टरमाइंड भीम उर्फ गोलू ठाकुर मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें अब चप्पा-चप्पा छान रही हैं। वही सीधे हवालात की हवा खिलाई है जिसमें जीत सिंह बंजारा (38) फारुख पिता लतीफ (40) आशिक पिता फूल सिंह (41) मदन बंजारा (55) इन सभी के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट एवं 49 बीएनएस के तहत कठोर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मौके से ताश के 52 पत्ते और 1500/- रुपये नगद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि कानून के हाथ लंबे हैं और वे हर उस दरवाजे तक पहुंचेंगे जहां अपराध पनप रहा है। इस साहसिक कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना प्रभारी मनोज जंघेला, सउनि शिवेन्द्र वसूले, सउनि राजेन्द्र नागवंशी, प्र.आर. जयेंद्र बघेल, आरक्षक अंकित चौरसिया और आरक्षक राहुल कुशवाहा की अहम भूमिका रही।

# विश्व क्षय दिवस पर 'टीबी मुक्त भारत' का संकल्प

### सिवनी से निकला जागरूकता रथ; विधायक और कलेक्टर ने बांटे फूड बास्केट

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



**सिवनी** में विश्व क्षय दिवस पर मंगलवार को जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीएनएम नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में विधायक दिनेश राय मुनमुन और कलेक्टर शीतला पटले ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित जनों को टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई गई और बीमारी के लक्षण व बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

**पौष्टिक आहार से संभव है उपचार:** इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि टीबी पूरी तरह उपचार योग्य है। उन्होंने मरीजों को चिकित्सकों के परामर्श अनुसार नियमित दवाइयों के सेवन, स्वच्छता और पौष्टिक आहार पर ध्यान देने की सलाह दी। कार्यक्रम में टीबी से स्वस्थ हो चुके एक 'टीबी चैम्पियन' ने अपना अनुभव साझा करते हुए सकारात्मक सोच और समय पर जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विधायक और कलेक्टर ने उन्हें फूड बास्केट वितरित किए। प्रशासन ने समाज के संपन्न वर्ग से अधिक से अधिक 'निक्षय मित्र' बनने का आह्वान किया, ताकि टीबी रोगियों को सामुदायिक सहयोग मिल सके।

# ग्राम बरबटी में सेक्टर स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण संपन्न, प्रस्फुटन समितियों को दी गई ग्राम विकास की जानकारी

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**मध्य** प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी द्वारा सेक्टर स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण ग्राम बरबटी के आंगनबाडी में संपन्न किया गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला के निर्देशन में एवं ब्लॉक समन्वयक रीता वर्मा श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह जी के सानिध्य मे शक्ति संचयन अभियान के तहत यह प्रशिक्षण सेक्टर धूमा ब्लॉक लखनादौन जिला सिवनी में प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बापू गरीबदास फाउंडेशन एनजीओ के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। प्रशिक्षण कि प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए अनिल यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे इसकी जिम्मेदारी प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की है, आप लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज को लाभ पहुंचाने में सरकार के मददगार बने यही मेरी कामना है।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर संचालित प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों को संगठन की कार्यप्रणाली, ग्राम विकास की योजनाओं तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित करना था।

प्रशिक्षण में धूमा सेक्टर के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितिया सेक्टर की समितिया क्रमशः गोसाई खमरिया, बरबटी, सिल्पनी, रायचोर माल, लालपुर आदि के सदस्य, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने प्रस्फुटन समिति की भूमिका, ग्राम विकास में जनभागीदारी, स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति, शिक्षा का प्रसार तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रस्फुटन समितियाँ गांवों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। समिति के माध्यम से ग्रामीणों को संगठित कर शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वावलंबन के कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में पर्यावरण एवं स्वच्छता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही आगामी गर्मी के दिनों में जीव जंतुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्थाओं पर जोर डाला गया।

# विधायक दरबार में शिकायत लेकर पहुंची जनता जनार्दन

प्रत्येक मंगलवार विधायक दिनेश राय मुनमुन सुनते है लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



**जनता** की सेवा और उनके प्रति समर्पण को सर्वोपरि रखने वाले सिवनी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रत्येक मंगलवार अपने कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इस दौरान दूर-दराज से आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।


### जनता की सेवा ही सर्वोपरि

जनसुनवाई के दौरान विधायक मुनमुन ने प्रत्येक नागरिक की बात को अत्यंत धैर्य और गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त और स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है। किसी भी नागरिक को अपनी समस्याओं के लिए भटकना न पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर और तय समय-सीमा में निराकरण किया जाए।

### विकास और समाधान के प्रति संकल्पित

विधायक दिनेश राय मुनमुन की इस जनसुनवाई ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वे आमजन से सीधे जुड़े रहने और उनकी जमीनी समस्याओं को सुलझाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उनकी इस कार्यशैली की सराहना क्षेत्र के नागरिकों द्वारा की जा रही है, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों और जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन को और गति मिलने की उम्मीद है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433